फिल्म मैदान का गाना टीम इंडिया हैं हम रिलीज



अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है . उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है . फिल्म मैदान का गाना 'टीम इंडिया हैं हम' रिलीज हो गया है .टीम इंडिया हैं हम गाना को ए .आर . रहमान ने संगीतबद्ध किया है .

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का गाना 'टीम इंडिया हैं हम' रिलीज हो गया है.

फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है. अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है. उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है. फिल्म मैदान का गाना 'टीम इंडिया हैं हम' रिलीज हो गया है.टीम इंडिया हैं हम गाना को ए.आर.रहमान ने संगीतबद्ध किया है. इस गाने को ए.आर. रहमान और नकुल अभ्यंकर ने गाया है, जबकि मनोज मुंतशिर, स्लो चीता और दविंदर सिंह ने गाने के बोल लिखे हैं.

निर्देशक अमित शर्मा ने कहा, हम सभी फिल्म मैदान की कहानी के बहुत करीब हैं, जिसमें दृढ़ता, कभी हार न मानने वाला रवैया और एकजुटता सहित भावनाओं की एक श्रृंखला शामिल है.राष्ट्र के प्रति प्रेम. मैं इस भावना को एक गीत के माध्यम से सामने लाना चाहता था और इस तरह टीम इंडिया हैं हम का जन्म हुआ. खिलाड़ी हों या नहीं, यह गीत पूरे देश को एक साथ खड़े होने का आह्वान है.

फिल्म मैदान में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं. बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल?म ईद 2024 के अवसर पर 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है.

फिल्म भूल भुलैया 3 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो गयी है.

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था. अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को खूब पसंद आई थी. %भूल भुलैया% के तीसरे पार्ट %भूल भुलैया 3% में भी कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका है.कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 में तृप्ति डिमरी फीमेल लीड में शामिल हैं. कार्तिक आर्यन ने तृप्ति डिमरी के साथ रुह बाबा बन एक फोटो शेयर की है.

कार्तिक आर्यन फोटो में भूल भुलैया 3 का क्लैपरबोर्ड लेकर खड़े हैं. कार्तिक रूह बाबा के गेटअप में नजर आ रहे हैं. वहीं तृप्ति डिमरी उनके बगल में खड़ी हैं. मांथे पर बिंदी लगाए तृप्ति ट्रेडिशनल लुक में दिख रही हैं. यह भूल भुलैया 3 से तृप्ति डिमरी का पहला लुक है.

कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 के इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, टिंग टिंग टिंग टीडिंग टिंग टिंग... और हमने भूल भुलैया 3 का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है. शेड्यूल के बीच यह छोटा सा ब्रेक मुझे एक्साइटेड कर देता है... रुह बाबा के केप में कुछ अलग जादू है.

अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है.भूल भुलैया 3 का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले किया जा रहा है.



कुछ रीत जगत की ऐसी है में अपने किरदार के लिए ज़ान खान ने छिदवाया कान

जाने-माने टेलीविजन अभिनेता ज़ान खान ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सीरियल कुछ रीत जगत की ऐसी है में अपने किरदार के लिए कान छिदवाया.

जान खान सीरियल %कुछ रीत जगत की ऐसी है% में नरेन की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं. ज़ान खन ने अपने किरदार नरेन में फिट उतरने के लिए अपना कान छिदवाया. जान खान क्लिप-ऑन इयररिंग्स भी इस्तेमाल कर सकते थे. हालांकि ज़ान खान को लगा कि यह उसकी कला के साथ नाइंसाफी होगी.

ज़ान खान ने कहा,एक्टिंग का मतलब सिर्फ लाइनें बोलना नहीं है. यह एक किरदार को मूर्त रूप देने के बारे में है. जब मौका मिला तो मैंने सोचा कि क्यों न कान छिदवाने का प्रयास किया जाए. यह मेरे जीवन में पहली बार था जब मैंने पियर्सिंग कराई थी. मैंने इसे पहले कभी नहीं किया था, लेकिन चूंकि शो में मेरे किरदार ने इसे पहना था, इसलिए मैंने क्लिप-ऑन इयररिंग का उपयोग करने के बजाय असली इयररिंग पहनने का फैसला किया.यह एक बहुत ही दर्दनाक प्रक्रिया थी लेकिन मुझे खुशी है कि लोगों को यह लुक पसंद आया. यह केवल सतही परिवर्तन नहीं था; यह उस किरदार और कहानी के साथ ज्यादा करीबी से जुड़ने का एक जरिया था. इसी तरह की कमिटमेंट में हर भूमिका में अपनाता हूं क्योंकि यह मुझे ज्यादा विश्वसनीय और सम्मोहक प्रदर्शन बनाने की अनुमति देता है.

कुछ रीत जगत की ऐसी है सोमवार से शुक्रवार रात 8.30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है.

नयनतारा ने परिवार के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर

दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री नयनतारा ने सोशल मीडिया पर अपने परिवार के साथ तस्वीर शेयर की है.

नयनतारा अक्सर अपने परिवार के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करती हैं.नयनतारा ने अपने चार सदस्यीय परिवार की प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की है. इन तस्वीरों में नयनतारा, उसके जुड़वां बच्चे, उयिर और उलगाम एवं पति विग्नेश शिवन नज़र आ रहे हैं.

अपनी खुशी जाहिर करते हुए नयनतारा ने लिखा, हम तीनों को कैसा लगा, यह बता नहीं सकती जब हमने 20 दिनों के लंबे शेड्यूल के बाद तुम्हें देखा! हमें तुम्हारी बहुत याद आई !मैं तुमसे प्यार करती हूं, मेरा सबकुछ. विग्नेश ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन अनमोल पलों को शेयर करते हुए कैप्शन दिया.

मेहंदी वाला घर में मानस का किरदार

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का पारिवारिक ड्रामा, 'मेहंदी वाला घर', दर्शकों को उज्जैन के अग्रवाल परिवार से परिचित कराता है, पारिवारिक बंधनों की जटिलताओं को छूता है और संयुक्त परिवार व्यवस्था से दूर जाने के परिणामों पर प्रकाश डालता है. चल रहे ट्रैक में, दर्शकों ने देखा है कि कैसे अग्रवाल परिवार को मौली (श्रुति आनंद) और मानस (अयाज़ अहमद) के रिश्ते के बारे में सच्चाई पता चलती है, जिससे हर कोई हैरान रह जाता है.

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षय (अर्पित कपूर) मौली को घर छोड़ने के लिए कहेगा, क्योंकि उसका मेहंदी वाला घर से कोई संबंध नहीं है. हालाँकि, जानकी माँ (विभा छिब्बर) मौली का बचाव करेंगी, और उसे घर में वापस रहने और मानस के साथ अपने रिश्ते को सुधारने के लिए कहेंगी. लेकिन, मन में एक गुप्त उद्देश्य के साथ, मानस अपने हिस्से की संपत्ति अर्जित करने के लिए पूरे परिवार को प्रभावित करने की कोशिश करता है, जिससे मौली के जीवन में नए मोड़ आते हैं. मानस के किरदार को जीवंत कर रहे हैं प्रतिभाशाली अभिनेता अयाज़ अहमद.

चल रहे ट्रैक और उनके किरदार मानस द्वारा शो में लाए गए ट्विस्ट पर प्रकाश डालते हुए, अभिनेता अयाज़ अहमद ने साझा किया, मानस एक ऐसा व्यक्ति है, जो अपनी महत्वाकांक्षा और गुप्त उद्देश्यों से प्रेरित है; और वह जो चाहता है, उसे पाने के लिए किसी भी

रवीना टंडन ने सालों बाद तोड़ी चुप्पी और बताया सच

फिल्मों में एक साथ काम किया. उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया जाता था. दोनों की जोड़ी इतनी हिट रही कि दोनों का नाम तक साथ में जुड़ने लगा था. इतना ही नहीं, दोनों की सगाई की खबरों ने भी उस दौर में खूब सुर्खियां बटोरी थी. हालांकि, कुछ समय बाद दोनों की सगाई टूटने की खबरों से माहौल गर्मा गया था.

दोनों की सगाई टूटने की खबरों के बीच कई जगह ये खबर भी चली थी कि रवीना अपने ब्रेकअप को कैसे संभाल रही थीं. इतना ही नहीं, उनके आत्महत्या के कोशिशों की कई अफवाहें भी सामने आई थी. हालांकि, अपने ब्रेकअप के कुछ समय बाद रवीना ने दो लड़कियों को गोद लिया था, लेकिन हमेशा की ही एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ का हर एक पहलू रडार पर था. रवीना ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर खुलकर बात की.एक्ट्रेस ने बात करते हुए आगे कहा, मीडिया में सबसे ज्यादा हंगामा इसलिए मचाया गया, क्योंकि उन दिनों वे अपनी खबरों और मैगजीन्स को बेचना चाहते थे, लेकिन व्यक्तिगत रूप से हमारे बीच, मेरे दोस्तों के बीच और मेरा परिवार जो सोचता है वो मेरे लिए मायने रखता है.

डिवाइन और करण औजला के 'स्ट्रीट ड्रीम्स' अल्बम ने रिकॉर्ड तोड़े

हिप-हॉप आइकॉन डिवाइन और करण औजला अल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स ने लोगों का दिल जीत लिया है.

डिवाइन और करण औजला अपने नवीनतम अल्बम %स्ट्रीट ड्रीम्स% के साथ सफलता की ऊंची उड़ान भर रहे हैं. अल्बम ने न केवल रिकॉर्ड तोड़े हैं बल्कि दिल भी जीते हैं. ऐसी ही एक शख्सियत जिन्होंने स्ट्रीट ड्रीम्स अल्बम पर प्यार बरसाया है वह हैं भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल. रील में शुभमन और उनके दोस्तों को गाने की संक्रामक धुनों पर थिरकते हुए, अपने दोस्तों के बीच खुशी और खुशी फैलाते हुए दिखाया गया है.

शुभमन गिल की उत्साहित रील के जवाब में, डिवाइन अपने उत्साह को रोक नहीं सके और उन्होंने टिप्पणी की, 100 मिल पार्र, जबकि करण औजला ने गिल की ऊर्जा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा, जित्थे जावा ओथे यार ही कमाए जट्ट ने. तेनू लगदा के पैसे दी कमाएईकर ली.

सोशल वायरल

एक्ट्रेस हिना खान आए दिन अपनी बोल्ड एंड ब्यूटिफुल फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस अंदाज देखकर लोग आहें भरने लगे हैं। देखिए हिना खान का कातिलाना अंदाज...

एक्ट्रेस **अनुष्का सेन** महज 21 साल की हैं . और उन्होंने इतनी कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, लेटेस्ट फोटोज में देखिए एक्ट्रेस अनुष्का सेन का बोल्ड अवतार...



छैया छैया गर्ल नाम से मशहूर **मलाइका अरोड़ा** आए दिन अपनी फिटनेस और फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं .



बिग बॉस फेम **निक्की तंबोली** की साड़ी वाली फोटोज ने आते ही सोशल मीडिया पर गदर काट दिया है. निक्की तंबोली इस लुक में कहर ढा रही हैं.

शमा सिकंदर ने डीपनेक ड्रेस पहन अपनी किलर अदाएं दिखाई. शमा सिकंदर की नई फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.